# Nakli Cough Syrup Rewa : घर में बना रहे थे नकली कफ सिरप, 18 लाख का माल बरामद, 3 आरोपी गिरफ्तार

- *April 9, 2021 // 1:29 PM by Amit Mishra*




**रीवा**। जिलेे में रीवा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए Nakli Cough Syrup Rewa  नकली कफ सिरप के जखीरे को बरामद किया है। पुलिस ने मौके से 129 पेेटी नकली कफ सिरप बरामद की है। जब्त सिरप की कीमत 18 लाख के करीब बताई जा रही है। पुलिस ने 3 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी घर से नकली कफ सिरप के कारोबार को संचालित कर रहे थे।

### 18 लाख रुपए बताई जा रही

जानकारी के अनुसार रीवा की विश्वविद्यालय थाना पुलिस के द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए नशीले का सिरा का जखीरा बरामद किया है। इस मामले में पुलिस के द्वारा तीन आरोपियों की गिरफ्तारी भी की गई है, पुलिस के द्वारा तकरीबन 129 पेटी अवैध नशीली का सिरप बरामद की गई है जिसकी अनुमानित कीमत तकरीबन 18 लाख रुपए बताई जा रही है।

### तीन आरोपियों की गिरफ्तारी भी की गई

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा अवैध मादक पदार्थों पर लगाम लगाने को लेकर अधिकारियों को निर्देश जारी किया गया था जिसके बाद प्रदेश स्तर पर लगातार नशीले पदार्थों पर कार्रवाई की जा रही है इसी तारतम्य में पुलिस के द्वारा रीवा के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत इटौरा बाईपास में एक निजी निवास में रखे अवैध नशीली कफ सिरप का जखीरा बरामद किया गया है, जिसमें तीन आरोपियों की गिरफ्तारी भी की गई है।

### अनुमानित कीमत 18 लाख  बताई जा रही है

बताया जा रहा है कि पुलिस की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि इटौरा निवासी दीपक सिंह के द्वारा अपने निजी आवास में अवैध नशीले कफ सिरप का जखीरा रखा गया है जिसके बाद पुलिस की टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी दीपक सिंह के घर में दबिश देते हुए तकरीबन 129 पेटी नशीली कफ सिरप बरामद की है जिसकी अनुमानित कीमत 18 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस की माने तो अवैध मादक पदार्थों पर लगातार की जा रही कार्रवाई के चलते माफियाओं की कमर टूट गई है ऐसे में वह चिन्हित जगहों पर ही अवैध मादक पदार्थों का जखीरा रखते हैं।

Source: https://bansalnews.com/nakli-cough-syrup-rewa-fake-cough-syrup-was-being-made-at-home-goods-worth-18-lakhs-recovered/